काशीपुर में पुरातत्वीय खुदाई

575. श्री हुकम चन्द कछवाय :
श्री राम सिंह :
श्री नारायण स्वरूप शर्मा :

क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि पाडवो के किले का पता लगाने के लिए उत्तर प्रदेश में काशीपुर में पुरातत्वीय विभाग द्वारा खुदाई की जा रही है ;

(ख) यदि हा, तो क्या इस खुदाई से किले की विद्यमानता के कुछ सकेत मिले हैं, और

(ग) खुदाई कार्य कब तक पूरा हो जाने की सम्भावना है ?

शिक्षा मंत्रालय में राज्य-मंत्री (प्रो० शेर सिंह) : (क) से (ग). फिलहाल इस स्थल पर कोई खुदाई नही की जा रही है। किन्तु दबी हुई इमारत को साफ करने तथा उसका स्वरूप निश्चय करने की दृष्टि से मार्च-जून 1966 मे सीमित खुदाई की गई थी परन्तु वहा पर किसी किले के विद्यमान होने का कोई सकेत नही मिला।

12 मार्च, 1957 को मिजो लोगों का सिल्चर जेल से भाग जाना

576. श्री राम सिंह :
श्री हुकम चन्द कछवाय :
श्री नारायण स्वरूप शर्मा :

क्या गृह-कार्य मत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

. (क) क्या यह सच है कि 12 मार्च, 1967 को छः विद्रोही मिजो नेता कचार जिले में सिल्चर जेल से भाग गये थे ;

(ख) क्या यह भी सच है कि मार्च के महीने में यह घटना इस प्रकार की दूसरी घटना है ; और

(ग) यदि हां, तो जेल से इस प्रकार भागने की घटनाओ को रोकने के लिये सरकार ने क्या कार्यवाही की है ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री विद्या चरण शुक्ल) : (क) 13 मार्च, 1967 को सिल्चर जेल से 6 मिजो बन्दी भाग निकले थे ।

(ख) जी हा ।

(ग) राज्य सरकार सुरक्षा प्रबन्धो को मजबूत करने के लिये कदम उठा रही है। जेल मे अतिरिक्त कर्मचारी भी नियुक्त किये जा रहे हैं और मिजो बन्दियो को अन्य जेलों को स्थानान्तरण की व्यवस्था की जा रही है।

Upgrading of a School in a Chandigarh Village

577 Shri Shri Chand Goyel: Will the Minister of Education be pleased to state:

(a) whether it is a fact that the Gram Panchayat of Village Maliya of the Union Territory of Chandigarh has represented for the upgrading of its school, and

(b) if so, the decision taken in the matter?

The Minister of State in the Ministry of Education (Shri Bhagwat Jha Azad): (a) Yes Sir.

(b) The matter is under active consideration of the Chandigarh Administration

Irregularities in Sangeet Natak Akademi

578 Shri Babarao Patel: Will the Minister of Education be pleased to state:

(a) whether an inquiry has been instituted regarding the alleged irre-